वार्षिक रिपोर्ट
2010-11

विनियामकों का फोरम

एफओआर

विनियामकों का फोरम

वार्षिक रिपोर्ट
2010–11



विनियामकों का फोरम

प्रकाशित

विनियामकों का फोरम (एफ ओ आर)

सचिवालय – केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (के वि वि आ)

तीसरा एवं चौथा तल, चन्द्रलोक विल्डिंग, 36 जनपथ, नई दिल्ली–110001

दुरभाष : +91 11 23753920 Fax : +91 11 23752958

मुद्रक :

आबीर प्रिंट पोइंट

M. : 9810216074, 011-28520788

अध्यक्ष का कथन

वर्ष 2010-11 के दौरान विद्युत क्षेत्र पर विनियमों का सुमेलन प्राप्त करने के लिए विनियामको का फोरम (एफओआर) ने अपने प्रयास जारी रखे । सेक्टर से संबंधित अनेक मुद्दों पर चर्चा की गई; मतैक्य प्राप्त किया और उन्हें अग्रसर बनाने में सहमति हुई ।

विद्युत क्षेत्र में सुधारों का केन्द्र बिन्दु उपभोक्ता रहे हैं । इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए फोरम ने वर्ष के दौरान उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम, ओम्बड्समेन तथा उपभोक्ता अधिवक्तता पर आदर्श विनियम विकसित करने के लिए महत्वपूर्ण पहलें की हैं । इससे उपभोक्ता के संरक्षण के लिए अधिनियम में कल्पित इन संस्थानात्मक क्रिया विधियों के कार्यपालन से संबंधित मुद्दों का समाधान हुआ है । राज्य आयोगों के लिए अपने-अपने विनियमों में अंगीकार करने हेतु एक आदर्श उपभोक्ता चार्टर भी विकसित हुआ है ।

एक अन्य महत्वपूर्ण पहल वितरण उपयोगिताओं की वित्तीय व्यवहार्यता का गहन अध्ययन करने के संबंध में की गई। वितरण क्षेत्र, विद्युत क्षेत्र के सुधारों का प्रमुख बिन्दु रहा है और मूल्य श्रंखला अर्थात् उत्पादन, पारेषण और व्यापार के अन्य संघटकों में सुधार का उद्देश्य प्राप्त करने के लिए इस खंड की स्थिति को पुनःस्थापित करना महत्वपूर्ण है । दस राज्यों के लिए कराए गए विस्तृत अध्ययन से यह पता चलता है कि उपयोगिताओं के राजस्व अन्तर में, टैरिफ पुनरीक्षित न किए जाने, ट्रू अप यंत्र प्रणाली की अनुपस्थिति, राज्य सरकारों द्वारा सहायिकी के भुगतान में कमी या विलंब और टैरिफ में उचित लागत अनुज्ञात न करने के कारण वृद्धि हो रही है । वितरण सेक्टर के सामने वाली समस्याओं के निदान के आधार पर फोरम ने विद्युत वितरण के इस महत्वपूर्ण तत्व की स्थिति पुनःस्थापित करने के लिए उपचारात्मक उपाय करने की आवश्यकता पर एक मतैक्य विकसित किया है ।

विद्युत क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा के प्रोन्नयन के लिए निर्बाध पहुंच एक महत्वपूर्ण हथियार है । यद्यपि अन्तर-राज्य स्तर पर निर्बाध पहुंच क्रियान्वित की जा चुकी है, राज्य स्तर पर निर्बाध पहुंच को क्रियान्वित करने के संबंध में कुछ मुद्दे हैं । राज्य भार प्रेषण केन्द्र (एसएलडीसी) की स्वतंत्रता संबंधी निर्बाध पहुंच के माध्यम से बिक्री के लिए अधिशेष, विद्युत की उपलब्धता जैसी मूलभूत समस्याओं के अलावा कुछ अन्य प्रचालानात्मक स्तर के भी मुद्दे हैं, जिनका समाधान किया जाना भी आवश्यक है । फोरम ने ऐसे सभी पहलुओं पर विचार किया है और निर्बाध पहुंच एंव मीटरिंग, बिलिंग, असंतुलित विवरण अर्हता के निश्चित प्रचालानत्मक ढांचे की और विभिन्न स्थितियों तथा परिस्थितियों के अधीन निर्बाध पहुंच के क्रियान्वयन पर आदर्श विनियम विकसित किए हैं ।

हरित ऊर्जा, विनियामक फोरम के लिए सदैव चर्चा का प्रमुख बिंदु रही है । वर्ष के दौरान एक महत्वपूर्ण उपलब्धि, देश में नवीकरणीय ऊर्जा सामर्थ्य के निर्धारण पर विस्तृत अध्ययन का पूरा किया जाना और विद्युत क्रय लागत की उपलब्धता और इसके प्रभाव को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक राज्य के लिए एक आर पी ओ समछेदी का सुझाव देना रही है । अध्ययन से यह निश्चय निकला है कि जलवायु परिवर्तन के लिए राष्ट्रीय कार्य-योजना (एन ए पी सी सी) के लक्ष्य के साथ-साथ आर पी ओ समछेदी प्राप्त करने के लिए विद्युत क्रय पर वृद्धात्मक प्रभाव महत्वपूर्ण नहीं होगा । इस अध्ययन ने प्रथम बार देश में हरित ऊर्जा के प्रोन्नयन के लिए आर पी ओ समछेदी पर पहुंचने के लिए एक वैज्ञानिक तरीका प्रस्तुत किया है ।

हरित ऊर्जा पर पहल के परिणामस्वरूप फोर ने मांग पक्ष प्रबंधन और ऊर्जा क्षमता (डी एस एम एण्ड ई ई) को प्रोत्साहित करने के लिए उपायों पर भी विचार-विमर्श किया और एक मतैक्य विकसित किया । फोरम ने, नियमित बहु-राज्य डी एस एम कार्यक्रम के लिए ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बी ई ई) से प्राप्त प्रस्ताव को पृष्ठांकित किया ।

फोरम द्वारा की गई पहलों के पृष्ठपट में, अब यह दायित्व प्रारभिंक रूप से राज्य विनियामकों का है कि वे अपने आदेशों और विनियमों द्वारा इन सिफारिशों को आगे बढ़ाएं और इन्हें वास्तविक रूप दें । मार्गदर्शक सिद्धांत और आदर्श विनियम विकसित करने के लिए फोरम सभी सुसंगत पणधारियों के साथ चर्चा और विचार-विमर्श करने में लगा हुआ है । हमें आशा है कि भविष्य में भी फोर के दायित्वों के प्रभावी निर्वहन को सुनिश्चत करने के लिए पणधारियों से भरपूर समर्थन प्राप्त होता रहेगा ।

(डा. प्रमोद देव)

विषय तालिका

1.	**विनियामकों का फोरम**	**1**
	फोरम का गठन	1
	फोरम के कृत्य	1
	फोरम के वित्त	2
	उद्देश्य विवरण	2
2.	**गतवर्ष - सिंहावलोकन**	**3**
3.	**वर्ष के दौरान कार्यकलाप**	**5**
	3.1 विनियामकों के फोरम की बैठकें	5
	3.2 क्षमता संवर्धन कार्यक्रम	10
	3.3 वित्तीय वर्ष 2010-11 के दौरान पूरे किए गए अध्ययन	11
	3.4 मानक विनियम	13
4.	**वित्त वर्ष 2010-11 के दौरान विद्युत विनियामक आयोगों के कार्यकलाप**	**16**
	4.1 केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग की उपलब्धियां	16
	4.2 राज्य विद्युत विनियामक आयोगों की उपलब्धियां	18
5.	**आंतरिक जानकारी**	**24**
	5.1 वर्ष के दौरान कमीशन किए गए अध्ययन	24
	5.2 वित्त वर्ष 2011-12 के लिए कार्यसूची	24
6.	**विनियामकों के फोरम (एफओआर) के वार्षिक विवरणों के लेखा उपाबंध**	**25**
	I विनियामकों के फोर के सदस्य	26
	II विद्युत विनियामक आयोगों के पते व सम्पर्क ब्यौरे	29

1. विनियामकों का फोरम

विद्युत क्षेत्र के लिए स्वतंत्र विनियामक आयोग की परिकल्पना 1990 के दशक के प्रारंभ में उस समय की गई थी जब 1994 में महाराष्ट्र के तत्कालीन मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में विद्युत संबंधी राष्ट्रीय विकास परिषद् समिति ने" सार्वजनिक और निजी प्रतिष्ठानों की टैरिफ नीतियों को विनियमित करने के लिए क्षेत्रीय स्तर पर स्वतंत्र व्यावसायिक टैरिफ बोर्डों का गठन" करने की सिफारिश की थी । समिति ने यह भी दोहराया था कि " टैरिफ बोर्डों" से प्रत्येक क्षेत्र और प्रत्येक राज्य के लिए समुचित विद्युत टैरिफ तैयार करने के मामले में उच्च स्तर की व्यवसायिकता आ सकेगी ।

विनियामक आयोग के गठन की आवश्यकता को 1996 में आयोजित मुख्य मंत्रियों के सम्मेलन में पुनः दोहराया गया । सम्मेलन में, अन्य बातों के साथ-साथ, विद्युत के लिए सामान्य न्यूनतम राष्ट्रीय कार्य-योजना की बात को व्यक्त करते हुए, यह सहमति हुई कि राज्य विद्युत बोर्डों (एसईबी) में सुधार और उनकी पुनर्संरचना करना आवश्यक है तथा इनको एक निश्चित समय के भीतर पूरा किया जाना चाहिए और इस दिशा में एक उपाय के रूप में विनियामक आयोग को बनाने की बात को समझा गया । इस प्रकार, केन्द्र तथा राज्यों में विनियामक आयोगों को बनाने के लिए विद्युत विनियामक आयोग (ईआरसी) अधिनियम, 1998 अधिनियमित किया गया ।

1998 का अधिनियम, टैरिफ विनियमन से सरकार को अलग रखने के उद्देश्य से अधिनियमित किया गया था । अधिनियम में विद्युत टैरिफ को युक्तिसंगत बनाने, सहायिकियों के बारे में पारदर्शी नीतियों आदि के लिए केन्द्र तथा राज्यों में विद्युत विनियामक आयोगों का प्रावधान किया गया है । ईए, 2003 लाए जाने से अन्य बातों के साथ-साथ, विद्युत बाजार के विकास तथा सरकार को सलाह संबंधी कार्य सौंपकर विनियामक आयोगों के कार्यों का विस्तार किया गया है । सीईआरसी और अधिकांश राज्य विद्युत आयोगों (एसईआरसीएस) को ईआरसी अधिनियम, 1998 के अधीन गठित किया गया था । तथापि, एमएसईआरसी, जेईआरसी-एम एण्ड एम तथा जेईआरसी संघ राज्येक्षेत्रों जैसे कुछेक एसईआरसी को ईए, 2003 के बाद गठित किया गया था ।

इस फोरम का गठन, विद्युत क्षेत्र में विनियमन में सामंजस्य बनाने के प्राथमिक उद्देश्य के साथ ईए, २००३ की उपधारा 21 की धारा 166 के उपबंध के अनुसरण में, ऊर्जा मंत्रालय (एमओपी) की दिनांक 16.02.2005 की अधिसूचना के जरिए गठित किया गया था । इस फोरम में सीईआरसी का अध्यक्ष व एसईआरसीएस के अध्यक्ष हैं । सीईआरसी का अध्यक्ष फोरम का अध्यक्ष है । केन्द्रीय सरकार ने विनियामकों के फोरम के लिए निम्नलिखित नियम बनाए हैं ।

फोरम का गठन

- फोरम में केन्द्रीय आयोग का अध्यक्ष व एसईआरसीएस के अध्यक्ष हैं । केन्द्रीय आयोग का अध्यक्ष, विनियामकों के फोरम के अध्यक्ष होंगे ।
- केन्द्रीय आयोग के सचिव, फोरम के पदेन सचिव होंगे ।
- फोरम को सचिवालयीता सहायता, केन्द्रीय आयोग द्वारा प्रदान की जाएगी ।
- फोरम का मुख्यालय नई दिल्ली में होगा ।

फोरम के कृत्य

फोरम निम्नलिखित कार्य करेगा अर्थातः

- टैरिफ ओदेशों तथा केन्द्रीय आयोग व राज्य आयोगों के अन्य आदेशों का विश्लेषण और उक्त आदेशों से

उत्पन्न डाटा, विशेषतः प्रतिष्ठानों की दक्षता सुधारों का मुख्य रूप से उल्लेख करते हुए डाटा का संकलन;
- विद्युत क्षेत्र में विनियमन का सामंजस्य;
- अधिनियम के तहत यथा अपेक्षित अनुज्ञप्तिधारियों कार्य-पालन के मानक (एसओपी) निर्धारित करना;
- संयुक्त हित तथा साथ ही संयुक्त प्रस्ताव के विभिन्न मुद्दों के संबंध में फोरम के सदस्यों में सूचना की भागीदारी;
- विद्युत क्षेत्र विनियमन के लिए संगत मुद्दों पर आंतरिक रूप से या बाह्य स्त्रोत से अनुसंधान कार्य करना;
- उपभोक्ताओं के हितों के संरक्षण तथा विद्युत क्षेत्र में दक्षता, अर्थव्यवस्था व प्रतिस्पर्धा के संवर्धन संबंधी उपाय विकसित करना, और
- अन्य ऐसे कार्य, जो केन्द्रीय सरकार, समय-समय पर, फोरम को समनुदेशित करें ।

फोरम के वित्तः

- केन्द्रीय आयोग, फोरम के कार्यकलापों के संचालन के लिए राज्य आयोगों से आवश्यक वित्तीय योगदान ले सकता है ।
- केन्द्रीय आयोग, फोरम के कार्यकलापों का अलग लेखा-जोखा रखेगा ।

उद्देश्य विवरण

विनियामकों के फोरम की परिकल्पना, स्वतंत्र विनियमन के विकास के पोषण तथा उन सभी के सशक्तीकरण के उद्देश्य से की गई थी जिनकी भारत में विद्युत क्षेत्र में हिस्सेदारी है ।इस उद्देश्य के अनुसरण में, फोरम के निम्नलिखित लक्ष्य हैं:

- विद्युत क्षेत्र में विनियमन का सामजंस्य;
- सम्पूर्ण भारत में राष्ट्रीय नीतियों का अनुपालन;
- भारत के विद्युत क्षेत्र में विनियामक निश्चितता बनाए रखने के लिए ईआरसीएस को मंच प्रदान करना;
- उपभोक्ताओं के हित में व्यापक नीतियों/विनियमों का कार्यान्वयन करके विद्युत क्षेत्र में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए पहलों का सुगम बनाना ।

2. गत वर्ष - सिंहावलोकन

वर्ष 2010-11 में फोरम द्वारा निम्नलिखित अध्ययन सफलतापूर्वक पूरे किए गए :

- **वितरण फ्रेन्चाइजी मॉडल का मानकीकरण**

फोरम ने उपयोगिता और वितरण फ्रेन्चाइजी द्वारा अपनाई जाने वाली किसी डी एफ संविदा प्रदान करने की प्रक्रिया से नीतियों के समापन के वितरण फ्रेन्चाइजी करार के मानकीकरण की आवश्यकता की पहचान की । अध्ययन, मानक बोली दस्तावेजों के साथ-साथ निवेश आधारित नगरीय फ्रेन्चाइजी के लिए मार्ग दर्शक सिद्धांत बनाने के साथ समाप्त हुआ ।

- **अनेक नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों, विभिन्न राज्यों में सामर्थ्य का निर्धारण आर पी ओ समछेदी का अवधारण और टैरिफ पर इसका प्रभाव**

अध्ययन ने नवीकरणीय ऊर्जा (आर इ) स्त्रोतों की उपलब्धता पर आधारित आर पी ओ समछेदी, एन ए पी सी सी द्वारा सुझाए गए लक्ष्यों, आर ई सी यंत्र के प्रचालनीकरण और टैरिफ पर इनके प्रभाव के लिए दृश्य लेख उपलब्ध कराया । इससे यह निष्कर्ष निकला कि आर ई प्रदाय रूढिवादी दृश्य लेख में भी 2015 का लक्ष्य पूरा करने में सीमित नहीं होगा और पान इंडिया लक्ष्य टैरिफ पर बिना किसी अधिक प्रभाव के प्राप्त किए जा सकते हैं ।

- **वितरण उपयोगिताओं की वित्तीय व्यवहार्यता**

फोरम ने वितरण उपयोगिताओं की कमजोर वित्तीय स्थिति के लिए कारण की पहचान करने के उद्देश्य से अध्ययन कमीशन किया था । अध्ययन दो चरणों में किया गया और दस उपयोगिताओं का कार्य पालन पांच से अधिक वर्ष की अवधि के लिए मूल्यांकित किया गया । कार्य-क्षेत्र में विद्युत क्रय लागत में वृद्धि का प्रभाव विनियामक आस्तियों का उपचार आर ओ ई का मोक, सहायिकी वितरण प्रदाय से औसत लागत के विरूद्ध टैरिफ सम्मिलित थे । अध्ययन में यह निष्कर्ष निकाला गया कि अधिकतर वितरण अनुज्ञप्तिधारियों के लिए प्रदाय की औसत लागत और औसत राजस्व वसूली में महत्वपूर्ण अन्तर है । उपयोगिताओं का राजस्व अन्तर टैरिफ पुनरीक्षित न किए जाने, ट्रू अप यंत्र के अभाव, विनियामक आस्तियों के सृजन, राज्य सरकार द्वारा सहायिकी वितरण कमी और विलंब और उचित लागत अनुज्ञात न करने के कारण बढ़ रहा है ।

- **प्रशिक्षण और क्षमता संवर्धन कार्यक्रम**

फोरम का एक प्रमुख दायित्व ई आर सी के कार्मिकों के क्षमता संवर्धन का है । वर्ष के दौरान फोरम ने ई आर सी के लिए पांच प्रशिक्षण और क्षमता संवर्धन कार्यक्रमों का संचालन किया । इसमें तीन दिन के लिए अंतर्राष्ट्रीय मार्गदर्शन के साथ आई आई एम, अहमदाबाद में अध्यक्षों और सदस्यों के लिए अनुकूलन कार्यक्रम सम्मिलित है । ई आर सी के अधिकारियों के लिए विद्युत क्षेत्र में विनियामक मुद्दों के अनेक पहलुओं पर तीसरे क्षमता संवर्धन कार्यक्रम का आयोजन आई आई टी कानपुर में किया गया। '' डी एस एम और ऊर्जा दक्षता '' पर तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण संस्थान (एन पी टी आई) फरीदाबाद में किया गया । ''उपभोक्ताओं के हितों का संरक्षण'' पर एक आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सी जी आर एफ के अधिकारियों, ओम्बड्समेन और उपभोक्ता संगठनों के लिए एन पी टी आई में संचालित किया गया । ई आर सी के लिए, विद्युत क्षेत्र विनियमन के विधिक पहलुओं पर प्रशिक्षण का आयोजन एन एल एस यू आई बंगलौर में किया गया ।

बैठकें और मुख्य परिणाम

वर्ष 2010-11 में विनियामकों के फोरम की छह बैठकें आयोजित हुई । बैठकों के दौरान चर्चा में आए प्रमुख मुद्दे और उनके परिणाम निम्नानुसार हैं :-

- फोरम ने उपभोक्ता हित का संरक्षण (उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम, ओम्बड्समेन और उपभोक्ता अधिवक्तता) तथा उपभोक्ताओं को अंतः राज्य निर्बाध पहुंच पर आदर्श विनियमों का अनुमोदन किया ।

- अनुपालन संपरीक्षा संबंधी प्रारूप आदर्श विनियमों पर चर्चा की गई और परामर्शदाता को भुगतान, संपरीक्षा प्रारम्भ करने के लिए प्रक्रिया और संपरीक्षा के दौरान सभी सुसंगत दस्तावेजों के निरीक्षण के मुद्दों पर उपांतरण के साथ उनका अनुमोदन किया गया ।

- प्रारूप आदर्श मांग पक्ष प्रबंधन विनियमों पर चर्चा की गई और कुछ उपांतरणों के साथ उनका अनुमोदन किया गया ।

- वितरण फ्रेन्चाइजों के लिए मानक मॉडल पर चर्चा की गई और फोरम द्वारा अनुमोदन किया गया ।

- फोरम ने वितरण कंपनियों की वित्तीय व्यवहार्यता पर अध्ययन के संबंध् में चर्चा की । फोरम ने अमीटरित कृषि प्रदाय, विक्रय पर आधार रेखा आंकड़ों की अनुपलब्धता, हानि स्तर के कारण विनियामकों को पेश आने वाली बाध्यताओं को मान्यता दी । इस बात पर एक मत था कि फोरम और विद्युत विनियामकों के अग्रणी होना चाहिए और एसी बाध्यताओं से निपटने के लिए एक विस्तृत अध्ययन कमीशन करना चाहिए ।

- फोरम द्वारा नवीकरणीय सामर्थ्य के निर्धारण आर पी ओ समछेदी के अवधारण और टैरिफ पर प्रभाव के संबंध में चर्चा की गई और अनुमोदन किया गया ।

- वितरण उपयोगिताओं की वित्तीय व्यवहार्यता पर सी ए जी की रिपोर्ट पर चर्चा करते समय फोरम में इस बात पर एक मत था कि ई आर सी को लघु अवधि आधार पर विद्युत के उपापन के लिए अनुज्ञाप्तधारियों द्वारा अपनाई जाने वाली प्रक्रियाओं को विनिर्दिष्ट करते हुए विनियम बनाने चाहिए ।

- फोरम ने वितरण क्षेत्र में बहु/समानान्तर अनुज्ञप्तिधारियों और विशेष आर्थिक जोनों के टैरिफ के अवधारण के संबंध में मुद्दों पर चर्चा की तथा उसका समाधान निकालने के लिए अगली कार्रवाई को अंतिम रूप दिया ।

- फोरम में इस बात पर एक मत था कि एस ई आर सी को सरकारी सहायिकी पर विचार किए बिना टैरिफ आदेश जारी करने चाहिए जिससे कि यदि राज्य सरकार सहायिकी का भुगतान करने में विफल रहे तो उपभोक्ताओं से ऐसा टैरिफ प्रभारित किया जा सके ।

- फोरम ने टैरिफ अवधारण के विभिन्न पहलुओं के संबंध में एस ई आर सी द्वारा अपनाई जाने वाली अनेक प्रथाओं पर और अधिक अध्ययन करने और सर्वोत्तम प्रथाओं की सिफारिश करने के लिए कार्य समूह स्थापित करने पर अपनी सहमति व्यक्त की ।

- फोरम ने ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के विनियमित बहु राज्य डी एस एम कार्यक्रम (आर एम एस डी पी) के क्रियान्वयन पर प्रस्ताव का अनुमोदन किया ।

3. वर्ष के दौरान फोरम के कार्यकलाप

3.1 विनियामकों के फोरम की बैठकें

क. सतरहवीं बैठक (20-21 अप्रैल को शिलांग में) :

- अनुपालन संपरीक्षा संबंधी आदर्श विनियमों पर चर्चा की गई और परामर्शदाता को भुगतान, संपरीक्षा प्रारम्भ करने के लिए प्रक्रिया और संपरीक्षा के दौरान सभी सुसंगत दस्तावेजों के निरीक्षण के मुद्दो पर उपांतरण के साथ उनका अनुमोदन किया गया ।

- आदर्श मांग पक्ष प्रबंधन विनियमों पर चर्चा की गई और बी ई ई से अनिवार्य परामर्श हेतु उपबधों में परिवर्धन, डी एस एम योजना में बी ई ई द्वारा विकसित कार्यक्रमों को सम्मलित करके तथा व्ययों पर रिपोर्ट की अवर्तिता के संबंध उपांतरणों के साथ उनका अनुमोदन किया गया ।

- " विभिन्न राज्यों में अनेक नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोत सामर्थ्य के निर्धारण, नवीकरणीय क्रय बाध्यता (आर पी ओ) समछेदी और टैरिफ पर इसके प्रभाव" के संबंध में अध्ययन पर चर्चा की गई और अनेक राज्यों में सी यू एफ, आर पी ओ आंकड़ों में तथा सेवा की औसत लागत पर बढ़ते प्रभाव को उपांतरणों के साथ स्वीकार किया गया ।

- फोरम ने अधिनियम की धारा के क्रियान्वयन के संबंध में चर्चा की । फोरम में इस बात पर एक मत था कि एस ई आर सी को सहकारी सहायिकी पर विचार किए बिना टैरिफ आदेश जारी करने चाहिए जिससे कि यिद राज्य सरकार सहायकि का भुगतान करने में विफल रहे तो उपभोक्ताओं से ऐसा टैरिफ प्रभरित किया जा सके ।

- राष्ट्रीय सौर मिशन के क्रियान्वयन की प्रास्थिति पर चर्चा की गई । एफओआर को नवीकरणीय ऊर्जा पर आधारित क्षमता परिवर्धन का संवर्धन करने वाले राज्यों को प्रोत्साहन देने के संबंध में १३वें वित्तीय आयोग की सिफारिशों से भी अवगत कराया गया ।

- मोटे तौर पर फोरम में इस पर मतैक्य था कि इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि नवीकरणीय ऊर्जा पर आधारित अपकेन्द्रीयकृत उत्पादन सुविधाओं से विद्युत वास्तव में पारेषण और वितरण नेटवर्क के भार को कम करेगी, राज्य स्तर पर पारेषण और वितरण नेटवर्क पर व्हीलिंग नवीकरणीय ऊर्जा के लिए पारेषण प्रभारों और हानियों से या तो छूट दी जानी चाहिए या उन्हें निम्नतर स्तर पर रखा जाना चाहिए ।

- बैठक में उपस्थित अधिकतर एस ई आर सी ने यह महसूस किया कि राज्य नोडल अभिकरणों को आर ई सी यंत्र के प्रयोजन के लिए राज्य अभिकरण के रूप में पदनामित किया जाना चाहिए ।

- भारत के लिए अनुकूल विद्युत उत्पादन मिश्रण पर एक प्रस्तुतिकरण किया गया जिसकी मुख्य विशेषताएं

ये थी कि व्यस्ततम संयंत्र से न केवल अंशभार पर भी उच्चतर दक्षता का परिणाम देंगे बल्कि इस से भूमि, जल, सी ओ २ उत्सर्जन और नई पारेषण लाइनों की लागत में भी बचत प्राप्त होगी । फोरम का सुझाव था कि सुझाए गए मॉडलों पर पहले नगरीय क्षेत्रों के लिए विचार किया जाए जैसे अहमदाबाद और ग्रेटर नोएडा जहां पृथक वितरण अनुज्ञप्तिधारी कार्यरत हैं ।

ख. अठारहवीं बैठक (18 जून, 2010 को नई दिल्ली में)

- "समझे गए वितरण अनुज्ञप्तिधारी के रूप में इसकी क्षमता में विशेष आर्थिक जोन के लिए टैरिफ की अवधारण कार्यसूची" पर फोरम में चर्चा की गई । इस बात पर एकमत था कि विशेष आर्थिक जोन के मामले में एस ई आर सी व्यटिक रूप से कार्रवाई करने पर विचार कर सकते हैं । तथापि, टैरिफ की मात्र अधिकतम सीमा नियत करने की प्रस्तावित कार्रवाई द्वितीय अनुज्ञप्तिधारी को विद्युत अधिनियम के अधीन यथा अपेक्षित अन्य बाध्यताओं को पूरा करने से मुक्त नहीं करेगी ।

- सचिव, ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा विनियमित बहु राज्य डी एस एम कार्यक्रम (आर एम एस डी पी) प्रमुख उद्देश्यों, आर एम एस डी पी की यंत्र क्रिया और अग्रिम कार्रवाई पर विशेष बल देते हुए एक प्रस्तुतिकरण किया गया । विनियामकों का फोरम सहमत था और उसने सैद्धांतिक रूप से ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के प्रस्ताव का अनुमोदन किया ।

- फोरम ने चर्चा के पश्चात ए टी और सी हानियों की संगणना की विधि में प्रस्तावित उपांतरणों का भी अनुमोदन किया।

- फोरम ने टैरिफ अवधारण के विभिन्न पहलुओं के संबंध में एस ई आर सी द्वारा अपनाई जा रही अनेक प्रथाओं पर और अधिक अध्ययन करने के लिए कार्य समूह स्थापित करने और सर्वोत्तम प्रथाओं की सिफारिश करने पर भी सहमति व्यक्त की।

- विभिन्न राज्यों में अनेक नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोत सामर्थ्य के निर्धारण, नवीकरणीय क्रय बाध्यता (आर पी ओ) समछेदी के अवधारण और टैरिफ पर इसके प्रभाव के संबंध में अध्ययन रिपोर्ट में प्रमुख पुनरीक्षणों पर विनियामकों के फोरम सचिवालय द्वारा एक प्रस्तुतिकरण किया गया था । चर्चा के पश्चात फोरम ने निम्निलिखित विनिश्चय किए :

- एक समान दर पर आर पी ओ में वृद्धि करने के मामले की सिफारिश की गई ।

- आर ई सी यंत्र की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए आतिथेय राज्य में आर पी ओ के साथ उपलब्ध सामर्थ्य को जोड़े बिना इसका उपयोग करने के लए नए क्षमता परिवर्धनों को समर्थन देने और उन्हें प्रोत्साहित करने की आवश्यकता थी ।

- इस बात पर आम सहमति थी कि आर ई आधारित अधिकतर उत्पादनों को विकेन्द्रीयकृत किया जाएगा और आशायित क्षमता परिवर्धन के निष्क्रमण के लिए पारेषण सुविधाओं का निर्माण बाधक नहीं होगा ।

ग. उन्नीसवीं बैठक (30 जुलाई, 2010 को नई दिल्ली में) :

❍ " भारत में दिन के समय (टी ओ डी) के क्रियान्वयन और प्रभाव विश्लेषण" पर अध्ययन के निष्कर्ष फोरम के समक्ष प्रस्तुत किए गए । कुछ उपांतरणों के साथ अध्ययन रिपोर्ट का अनुमोदन कर दिया गया ।

❍ विनियामकों के फोरम के सदस्यों के मध्य बहु/समानन्तर अनुज्ञप्तिधारियों के संबंध में मुद्दों पर चर्चा की गई और निम्नलिखित विनिश्चय लिए गए :

❍ फोरम ने यह विनिश्चय वापस लिया कि विशेष आर्थिक जोनों में व्यष्टिक एस ई आर सी खुदरा टैरिफ को अधिकतम सीमा के रूप में विचार में ले सकते हैं जैसे कि यदि कुछ मामलों में अधिकतम सीमा प्रवेश प्रतिबंध के रूप में कार्य करें तो एस ई आर सी सामान्य टैरिफ अवधारण को अपना सकते हैं ।

❍ विनियामकों के फोरम ने इस बात पर सहमति व्यक्त कि एस ई आर सी विशेष आर्थिक जोन अनुज्ञप्तिधारियों के लिए सरलीकृत रिपोर्टिंग और समीक्षा अपेक्षाओं को अधिकथित करने पर भी विचार कर सकते हैं ।

❍ इस पर सहमति थी कि लागत धन टैरिफ विनियम से की कीमत या राजस्व बंद विनियम अपनाने के लिए संक्रमण मार्ग का, इस संक्रमण चरण के दौरान टैरिफ अवधारण की प्रक्रिया का व्हीलिंग प्रभार के अवधारण की प्रक्रिया का और संक्रमण चरण के बाद खुदरा विक्रय के लिए अधिकतम सीमा का टैरिफ का सुझाव देने के लिए विस्तृत कमीशन किया जाए ।

❍ दूसरे वितरण अनुज्ञप्तिधारी के लिए क्षेत्र के संबंध में नियम के पुनर्विलोकन के लिए विद्युत मंत्रालय से अनुरोध किया जाए कि लघुतर क्षेत्र के लिए जहां पदधारी अनुज्ञप्तिधारी का कोई वितरण नेटवर्क नहीं है, अनुज्ञप्ति प्रदान करने हेतु एस ई आर सी को राज्य सरकार से परामर्श करने के पश्चात विवेकाधिकार दिया जाए ।

❍ सचिव, एम एन आर ई के साथ राष्ट्रीय सौर मिशन (एन एस एम) के अधीन संयोजिता और निष्क्रमण से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई । आर ई सी के प्रोन्नयन के लिए विनियामकों के फोरम द्वारा किए गए प्रयासों और नवीकरणीय के ग्रिड एकीकरण के लिए सी ई आर सी द्वारा की गई कार्रवाई की एम एन आर ई द्वारा प्रशंसा की गई ।

❍ विनियामकों के फोरम सचिवालय ने राष्ट्रीय सौर मिशन (एन एस एम) के अधीन संयोजिता और निष्क्रमण से संबंधित मुद्दों पर एक कार्यसूची प्रस्तुत की । सी ई ए ने पारेषण हानियों को नकद आधार पर प्रभारित करने के प्रस्ताव के औचित्य को स्पट किया । इस बात पर मतैक्य था कि कार्यसूची टिप्पण में सुझाए गए मार्ग को केवल एन एस एम के प्रथम चरण में स्थापित किए जाने वाले सौर विद्युत संयंत्रों के लिए अपनाया जाए और तद्नुसार, राज्य पारेाण उपयोगिताओं की क्षतिपूर्ति उनकी प्रणालियों पर पड़ने वाले अधिक भार की सीमा तक की जाएगी ।

घ. बीसवीं बैठक (25-26 सितंबर, 2010 को केरल में) :

❍ विनियामकों के फोरम सचिवालय द्वारा फोरम के समक्ष, वितरण उपयोगिताओं की व्यवहार्यता पर सी ए जी की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई । फोरम के सदस्यों ने यह सुझाव दिया कि वार्षिक राजस्व अपेक्षा का अनुमोदन करने वाले एस ई आर सी के आदेशें और ट्रू अप आदेशें में भी अनेक अस्वीकृतियों के लिए आधारों को ध्यान में रखते हुए अधिक विस्तृत विश्लेाण अपेक्षित था । इस बात पर एक मत था कि ई आर सी को लघु अवधि आधार पर विद्युत उपापन के लिए अनुज्ञप्तिधारियों द्वारा अपनाई जाने वाली प्रक्रियाओं को विनिर्दिष्ट करते हुए विनियम बनाने चाहिए ।

❍ उपभोक्ताओं के लिए निर्बाध पहुंच पर आदर्श विनियम, कतिपय उपांतरणों के साथ अनुमोदित किए गए । अनेक सदस्यों ने यह महसूस किया कि वितरण अनुज्ञप्तिधारी केवल ऐसे मामलों में व्हीलिंग प्रभार वसूल करने का अधिकारी होगा जहां निर्बाध पहुंच विद्युत वास्तव में इसके नेटवर्क के ऊपर व्हील हुई हो और व्हीलिंग प्रभारों का ऐसा भुगतान, प्रदाय की शर्तो से शासित होगा यदि वितरण अनुज्ञप्तिधारी और निर्बाध पहुंच की ईप्सा करने वाली एंटिटी के बीच करार विद्यमान है ।

❍ वितरण फ्रेन्चाइजी के लिए मानक मॉडल फोरम के समक्ष प्रस्तुत किया गया और भुगतान सुरक्षा, केपेक्स के अनुमोदन और वितरण अनुज्ञप्तिधारी को भूमि और अन्य आस्तियों की वापसी के उपबंधों के मुद्दों पर उपांतरण के साथ इसका अनुमोदन किया गया ।

❍ फोरम ने " पूर्व संदत्त मीटरिंग - विधिक और विनियामक मुद्दे " "आफ ग्रिड नवीकरणीय विद्युत उत्पादन" " और निर्बाध पहुंच, विद्युत केन्द्र तथा पारेषण कीमतीकरण " पर अध्ययन के लिए प्रस्तावों का अनुमोदन किया ।

❍ असम सरकार ने विद्यमान तीन वितरण कंपनियों में से दो कंपनियों को तीसरी कंपनी में विलय कर दिया । इस पर विचार विमर्श किया गया कि दो उपयोगिताओं को विलय करने के लिए एस ई आर सी का अनुमोदन अपेक्षित था और कोई भी विलेयन, जब तक उसे एस ई आर सी के पूर्व अनुमोदन से न किया जाए, शून्य होगा । यह सुझाव दिया गया कि संबंधित एस ई आर सी, ऐसे मामले में स्वतः कार्यवाही प्रारम्भ कर सकता है ।

ड़. इक्कीसवीं बैठक (27-28 नवम्बर, 2010 को चैन्नई में) :

❍ फोरम ने उपभोक्ता हित का संरक्षण (उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम , ओम्बड्समेन और उपभोक्ता अधिवक्तता) पर आदर्श विनियम पर विचार किया और कुछ उपांतरणों के साथ सैद्धांतिक रूप से इसका अनुमोदन कर दिया ।

❍ यह विनिश्चित किया गया कि अधिनियम की धारा 60 के अधीन आदर्श विनियम विकसित करने के लिए एक अध्ययन कमीशन करने हेतु विचारणीय विषय विकसित किए जाएं ।

❍ " आटोमेटेड डिमांड रेस्पांस - विद्युत क्षेत्र के लिए एक आलोचनात्मक प्रणाली स्त्रोत'' पर मैसर्स हनीवेल द्वारा एक प्रस्तुतिकरण किया गया जिसकी मुख्य विशेषताओं में राज्य में व्यस्ततम विद्युत अपेक्षा को कम करने के संभाव्य प्रौद्योगिकी समाधान पर प्रकाश डाला गया था । इस बात पर बल दिया गया कि राजय स्तर पर आटोमेटेड डिमांड रेस्पांस और डी एस एम विनियमों के संवर्धन के लिए विनियामक हस्तक्षेप की आवश्यकता है ।

❍ प्रयास एनर्जी ग्रुप द्वारा " सब के लिए विद्युत : शब्दाडम्बर को वास्तविकता में बदलने की ओर दस विचार'' पर एक प्रस्तुतिकरण किया गया जिसमें समाज के अधिक निर्धनों की समस्याओं का निराकरण करने के लिए अनेक पणधारियों द्वारा अपेक्षित उपाय/हस्तक्षेप पर निष्कर्षो को दर्शाया गया था ।

च. बाईसवीं बैठक (14 फरवरी, 2011 मुम्बई में) :

❍ फोरम ने विशेष आर्थिक जोनों के लिए टैरिफ सहित अनुज्ञप्ति शर्त हेतु सामान्य मार्ग दर्शक सिद्धांतों की कार्य सूची पर चर्चा की । एस ई ई पी जेड संगम के प्रतिनिधियों द्वारा एस इ इ पी जेड के समझे गए अनुज्ञप्तिधारियों की प्रास्थिति पर एक प्रस्तुतिकरण भी किया गया । चर्चा के पश्चात फोरम ने यह महसूस किया कि एस ई जेड क्षेत्र से संबंधित अनेक मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की आवश्यकता है । इसमें विभिन्न दृश्यलेख हो सकते हैं, अर्थात एस ई जेड किसी अप्रयुक्त क्षेत्र या ऐसे क्षेत्र में बन सकता है जहां बहु वितरण अनुज्ञप्तिधारी पहले से विद्यमान हों । ऐसे प्रत्येक मामले में, टैरिफ और संबंधित मुद्दों सहित अनुज्ञप्ति शर्ते, ऐसे क्षेत्र में प्रचलित विशेष स्थितियों और मुम्बई अनुज्ञप्तिधारियों के मामले में उच्चतम न्यायालय के निर्णय को ध्यान में रखते हुए विकसित की जानी चाहिए, जहां उप नगरीय क्षेत्र में तार प्रभारो के ऊपर अन्य अनुज्ञप्तधारियों के तारों के उपयोग पर प्रति सहायिकी प्रभार के भुगतान को आज्ञापक बनाया गया है । अत : फोरम ने ऐसे सभी मुद्दों पर विस्तार से विचार करने के लिए और अपनी सिफारिशों पर फोरम द्वारा विचार किए जाने के लिए एक कार्य समूह गठित करने का विनिश्चय किया है ।

❍ फोरम ने आदर्श प्रदाय संहिता के प्रारूप पर चर्चा की और सैद्धांतिक रूप में अनुमोदन किया । चर्चा के पश्चात प्रारूप मॉडल को सैद्धांतिक रूप से पृष्ठांकित किया गया ।

❍ बचत लेम्प योजन (बी एल वाई) के कार्यन्वयन के दौरान सामने आए मुद्दों और पश्चातवर्ती वित्तीय जटिलताओं पर प्रकाश डालते हुए ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के प्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तुतिकरण किया गया । एफ ओ आर के सदस्यों ने यह महसूस किया कि स्वयं परियोजना को डिजाइन करते समय परियोजना विकासकर्ताओं को संभव सीमा तक जोखिम उठाना चाहिए ।

❍ एफ ओ आर सचिवालय ने दस राज्यों के लिए डिस्कोम व्यवहार्यता/टैरिफ पर्याप्तता पर फोरम के साथ चर्चा की । अध्ययन से वितरण कंपनियों की हानियों में वृद्धि के लिए जिम्मेदार अनेक कारकों का पता चला । वितरण कंपनियों के लिए लागत और राजस्व वसूली के बीच अंतर के कुछ कारण टैरिफ पुनरीक्षण के लिए याचिका फाइल न करना और परिणामतः टैरिफ का पुनरीक्षण न होना, लागत की अस्वीकृति, विनियामक आस्तियों का सृजन, कुछ मामलों में ट्रू अप अभ्यास में विलंब और अभाव लागत/ब्याज लागत निकालने की अस्वीकृति हैं । इसने यह निकर्ष निकाला कि वितरण कंपनियों द्वारा उपगत उचित लागत के अनुपात में नियमित अंतरालों पर टैरिफ पुनरीक्षण किया जाना अत्यावश्यक है ।

फोरम ने विनियामकों के सामने आने वाली बाध्यताओं जैसे अमीटरीकृत कृषि प्रदाय, विक्रय पर आधार रेखा आंकड़ों की अनुपलब्धता, हानि स्तर आदि के कारणों की पहचान की । यह महसूस किया गया कि फोरम और विद्युत विनियामकों को अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए और प्रत्येक राज्य में अलग-अलग ऐसी बाध्यताओं के निराकरण के लिए विस्तृत अध्ययन को मंजूरी देनी चाहिए ।

3.2 क्षमता संवर्धन कार्यक्रम

वर्ष के दौरान विनियामकों के फोरम ने पांच क्षमता संवर्धन कार्यक्रमों का संचालन सफलतापूर्वक किया :

❍ भारत और विदेशों में विद्युत क्षेत्र में विनियमन के सिद्धांत और पद्धति पर चर्चा करने के लिए 3 जून, 2010 से 10 जून, 2010 तक आई आई एम, अहमदाबाद में विद्युत विनियामक आयोगों (ईआर सी) के अध्यक्षों और सदस्यों के लिए एक अनुकूलन कार्यक्रम का संचालन किया गया । कार्यक्रम में निम्नलिखित सम्मिलित था :

- 3 जून, 2010 से 5 जून, 2010 तक आई एम एम, अहमदाबाद में तीन दिसवसीय माड्यूल ।
- 7 जून, 2010 से 9 जून, 2010 तक सान फ्रांसिसको में अंतर्राष्ट्रीय भ्रमण ।

- 28 जून, 2010 से 1 जुलाई, 2010 तक एन एल एस यू आई बंगलौर में विद्युत विनियामक आयोगों (ई आर सी) के अधिकारियों के लिए " विद्युत क्षेत्र विनियमन के विधिक पहलू : अनुभव और प्रवर्तन मुद्दे " पर एक आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।

- विद्युत क्षेत्र में विनियामक मुद्दों के अनेक पहलुओं पर ई आर सी के अधिकारियों के लिए तीसरा क्षमता संवर्धन कार्यक्रम आई आई टी (कानपुर) में 23 अगस्त, 2010 से 28 अगस्त, 2010 तक संचालित किया गया ।

- १६ नवम्बर, २०१० से १८ नवम्बर, २०१० तक राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण संस्थान (एन पी टी आई) फरीदाबाद में " डी एस एम और ऊर्जा दक्षता " पर एक तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया ।

- २४ और २५ नवम्बर, २०१० के दौरान एन पी टी आई, फरीदाबाद में " उपभोक्ता हित का संरक्षण " पर सी जी आर एफ के अधिकारियों, ओम्बड्समेन और उपभोक्ता संगठनों के लिए एक दो दिवसीय आवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन किया गया ।

3.3 वि.वर्ष 2010-11 के दौरान पूर्ण किए गए अध्ययन

क. वित्तीय फ्रेन्चाइजी मॉडल का मानकीकरण

वितरण फ्रेन्चाइजी व्यवस्था की पूरी प्रक्रिया का मानकीकरण करने के उद्देश्य से फोरम ने वितरण फ्रेन्चाइजी मॉडल के मानकीकरण पर एक अध्ययन को मंजूरी दी । वितरण फ्रेन्चाइजी की प्रक्रिया में अंतर्वलित संकटमय तत्वों की पहचान की गई और उनका विश्लेषण किया गया । पणधारियों के साथ की गई चर्चा पर आधारित प्रारूप मानक मार्गदर्शक सिद्धांत, प्रस्ताव के लिए अनुरोध और वितरण फ्रेन्चाइजी करार तैयार किए गए । फ्रेन्चाइजिंग प्रक्रिया पर प्रमुख सिफारिशें निम्नानुसार है :

- प्रारम्भ में, विचार किए गए लक्ष्य क्षेत्र में कम से कम 2000 मिलियन यूनट (एम यू) प्रति वर्ा की निवेश ऊर्जा या 500 एम डब्ल्यू से अधिक का भार या 13 लाख से अधिक उपभोक्ता होने चाहिए । वितरण हानियां कम से कम 20% होनी चाहिए ।

- तत्पश्चात, उपयोगिता, ऐसे अन्य सघन क्षेत्रो को फ्रेन्चाइज कर सकती है जहां कम से कम निवेश ऊर्जा 400 एम यू और वितरण हानियां 20% से अधिक हों ।

- यदि फ्रेन्चाइज क्षेत्र 20% से कम के वितरण हानि के स्तर के हों, तो वितरण फ्रेन्चाइजिंग का उद्देश्य उपभोक्ता संतुष्टि में वृद्धि करना होना चाहिए ।

- संविदा अवधि आदर्शतः 15 वर्ष होनी चाहिए ।

- 20% से कम हानि वाले और हानि स्तर को 20% से कम करने के आशयित क्षेत्रों पर 20 वर्ष की संविदा अवधि के लिए विचार किया जा सकता है ।

- 20% से कम वितरण हानियों वाले क्षेत्रों के लिए, जहां ऊर्जा के घाटे को पूरा करने के लिए दीर्घ अवधि

विद्युत उपापन करार किए जाने की आवश्यकता हो सकती हो, संविदा अवधि 20 वर्ष होनी चाहिए ।

- आर एफ पी दस्तावेज में तकनीकी और अवसंरचनात्मक ब्यौरों के साथ कम से कम पांच वर्ष के वाणज्यिक आंकड़े उपलब्ध कराने चाहिए ।
- उपयोगिता को कम से कम गत एक वर्ष के अपने वाणज्यिक आंकड़ों की तृतीय पक्षीय संपरीक्षा करानी चाहिए जिसमें निवेश ऊर्जा, ऊर्जा विक्रय, बिलकृत और संगृहीत रकम, वितरण हानियां और ए टी एण्ड सी हानिंया सम्मिलित हों ।
- संपरीक्षित आधार रेखा उपलब्ध कराने के साथ आधार वर्ष के लिए औसत बिलिंग दर (सहायिकी का शुद्ध) भी अवरूद्ध होनी चाहिए ।
- फ्रेंचाइज व्यवस्था के महत्वपूर्ण खंडों पर निविदा पश्चात बात-चीत से बचने के लिए, फ्रेंचाइज करार को निविदा दस्तावेज का भागरूप होना चाहिए ।
- बोली परिवर्तनीय एच टी और एल टी उपभोक्ताओं के लिए संयुक्त निवेश दर पर आधारित होनी चाहिए ।
- न्यूनतम बैंचमार्क दरें नहीं होनी चाहिए क्योंकि इससे फ्रेंचाइजी के कारबार मॉडल के संबंध में एक धारणा बनाने की आवश्यकता होगी जो हो सकता है, सही न हो और इससे प्रक्रिया में अस्पष्टता पैदा होगी ।
- बोली दस्तावेजों में हानि कमी समछेदी का उल्लेख किया जाना चाहिए ।

ख. विभिन्न राज्यों में अनेक नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोत सामर्थ्य का निर्धारण, ओपीओ समछेदी का अवधारण और टैरिफ पर इसका प्रभाव

" फोरम ने" विभिन्न राज्यों में अनेक नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोत सामर्थ्य का निर्धारण, आर पी ओ समछेदी का अवधारण और टैरिफ पर इसके प्रभाव" पर एक अध्ययन को मंजूरी दी है । अध्ययन ने नवीकरणीय ऊर्जा (आर ई) स्त्रोतों की उपलब्धता (और संभाव्य क्षमता परिवर्धन), एनएपीसीसी द्वारा सुझाए गए लक्ष्य, आरईसी तंत्र के प्रचालनीकरण और टैरिफ पर प्रभाव पर आधारित नवीकरणीय क्रय बाध्यता (आरपीओ) समछेदी के लिए दृश्यलेखों की व्यवस्था की है । अध्ययन के प्रमुख संदेश निम्नानुसार हैं-

- आर ई प्रदाय 2015 के लक्ष्य को प्राप्त करने में अवरूद्ध नहीं होगा (रूढ़िवादी मामलों में भी)
- पान-इंडिया लक्ष्य टैरिफ पर अधिक प्रभाव डाले बिना प्राप्त किए जा सकते हैं ।
- तीन दृश्यलेखों के अधीन प्रदाय अपेक्षा को पूरा करने के लिए पर्याप्त आरई प्रदायः
  - *दृश्यलेख- 1 आरंभिक वर्षों में आरपीओ स्तर में उच्चतर वृद्धि
  - *दृश्यलेख-2 सभी वर्षों के लिए आरपीओ स्तर में समान वृद्धि
  - *दृश्यलेख-3 आरम्भिक वर्षों में आरपीओ स्तर में धीमी वृद्धि
- यदि सभी राज्यों में सीईआरसी टैरिफ को भी मान लिया जाए, टैरिफ पर आरपीओ का बढ़ता हुआ प्रभाव २०११-२०१५ के दौरान 1.5 से 4.1 पैसे/यूनिट/वर्ष होगा ।

- उच्चतर आरपीओ प्रारंभ में, निम्नतर टैरिफ अवधियों के दौरान अच्छे स्थलों में विनिधान द्वारा टैरिफ पर प्रभाव को कम करने में सहायता करता है ।
- राज्य में तीन कोठकों उच्च, मध्य और निम्न में विभाजित हुआ है ।
- प्रत्येक राज्य आरई (अपने और आरईसी तंत्र के माध्यम से) को योगदान देना ।
- आर ई टैरिफ के प्रभाव को विभिन्न राज्यों में फैलाया जाएगा ।

ग. उपयोगिताओं की वित्तीय व्यवहार्यता के लिए कारणों का निर्धारण

विद्युत मंत्रालय द्वारा फोरम से अनुरोध किया गया था कि वह वितरण अनुज्ञप्तिधारियों की व्यवहार्यता पर अध्ययन की संभावनाओं का पता लगाए । फोरम ने अध्ययन को दस राज्यों के लिए दो चरणों में कमीशन किया और राज्यों के कार्य-पालन का मूल्यांकन पांच वर्षों की अवधि के लिए किया गया ।प्रथम चरण में, वितरण अनुज्ञप्तिधारियों की कमजोर वित्तीय स्थिति के लिए कारणों की पहचान करने का उद्देश्य था ।दूसरे चरण में, वितरण कंपनियों की वित्तीय व्यवहार्यता के लिए टैरिफ पुनरीक्षण निर्धारण और टैरिफ अवधारण के लिए विभिन्न राज्यों द्वारा अपनाई गई रीतियों की तुलना करना केन्द्र बिन्दु थे ।अध्ययन के प्रमुख परिणाम निम्नानुसार थेः

- अनुज्ञप्तिधारियों के लिए प्रदाय की औसत लागत और औसत राजस्व वसूली के अन्तर में वृद्धि । बहुत से राज्यों में उपयोगिताओं के लिए पर्याप्त रूप से टैरिफ में वृद्धि करने की आवश्यकता है ।
- अनुज्ञप्तिधारियों के राजस्व में अन्तर की वृद्धि निम्नलिखित कारणों से हो रही हैः
- टूअप तंत्र के अभाव सहित राज्य में टैरिफ का पुनरीक्षण न होना ।
- एसईआरसी द्वारा विनियामक आस्तियों का सृजन किया गया जिसका परिणाम टैरिफ में अन्तर होना है ।
- राज्य सरकारों द्वारा सहायिकी के वितरण में कमी और विलंब
- वास्तविक विद्युत क्रय मात्रा तथ लागत का अनुमोदित स्तर से अधिक होना
  - वास्तविक विक्रय अनुमोदित से अधिक है ।
  - वितरण कम्पनियों का वास्तविक हानि स्तर अनुमोदित हानि स्तर से अधिक है ।
  - पूर्व वर्ष के राजस्व घाटे को पूरा करने के लिए लघु अवधि ऋण पर ब्याज लागत की अस्वीकृति और एफ एस ए की वसूली में शामिल समयान्तर के लिए लागत वहन करना
- लघु अवधि ऋणों में वृद्धि

3.4. आदर्श विनियम

क. उपभोक्ता हित का संरक्षण (उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम, ओम्बड्समेन और उपभोक्ता अधिवक्तता विनियम) के लिए आदर्श विनियम

विनियमों का उद्देश्य राज्य भर में उपभोक्ता सरंक्षण के मुद्दों के प्रति दृटिकोण में एक समानता लाना और विभिन्न राज्यों के उपभोक्ताओं के बीच विभेद को कम करना है ।महत्वपूर्ण उपबंध निम्नानुसार हैं-

- नगरीय क्षेत्रों के लिए प्रत्येक राजस्व जिले में बहु सीजीआरएफ और ग्रामीण क्षेत्र में 3-4 राजस्व जिलों में एकल फोरम का उपबंध ।

- प्रति सप्ताह हर एक राजस्व जिले में कम से कम एक सत्र का संचालन ।
- प्रत्येक फोरम में तीन सदस्यों के लिए उपबंध जिनमें से दो की नियुक्ति और पारिश्रमिक का भुगतान अनुज्ञप्तिधारी द्वारा और एक का आयोग द्वारा किया जाएगा ।
- फोरम से संबंधित सभी प्रचालन लागत अनुज्ञप्तिधारी वहन करेगा और वह उनकी वसूली एआरआर के माध्यम से कर सकेगा ।
- प्रदाय के कनक्शन काटने के मामलों को उच्च प्राथमिकता दी जाएगी और १५ दिनों के भीतर उनका समाधान किया जाएगा ।
- आयोग ओम्बड्समेन की नियुक्ति करेगा । बहु ओम्बड्समेन की नियुक्त की जा सकेगी ।
- ओम्बड्समेन के पद के लिए सेवा निवृत्त जिला न्यायाधीश, राज्य सरकार का सचिव और ऐसा कोई व्यक्ति जो कम से कम तीन वर्षों के लिए राज्य स्तर पर किसी कानूनी, अर्द्ध न्यायिक निकाय का सदस्य या अध्यक्ष रहा हो, पात्र होगा ।
- उपभोक्ता अधिवक्तता प्रकोष्ठ का गठन और वित्तपोाण आयोग द्वारा किया जाएगा ।

ख. मांग पक्ष प्रबंधन विनियम

इन विनियमों का उद्देश्य, राज्यों को डीएसएम विनियम तैयार करते समय एक मार्गदर्शक दस्तावेज उपलब्ध कराना है । राज्य विशिष्ट स्थितियो/विशेषताओं को सम्मिलित करने के लिए आवश्यक उपांतरण/परिवर्धन किए जा सकेंगे । विनियमों की मुख्य विशेषताए निम्नानुसार हैं-

- विनियम वितरण अनुज्ञप्तिधारियों के लिए एसईआरसी द्वारा नियत डीएसएम उद्देश्य और लक्ष्यों के लिए उपबंध करते हैं ।
- डीएसएम प्रक्रियाओं के विभिन्न पहलुओं पर मार्गदर्शन सिद्धांतों का उपबंध करते हैं:-
  - भार और बाजार अनुसंधान,
  - डीएसएम कार्यक्रमों का कार्यान्वयन
  - डीएसएम कार्यक्रमों की लागत प्रभावकारिता निर्धारण,
  - मानीटरिंग और रिपोर्टिंग तथा मूल्याकंन,
  - डीएसएम कार्यक्रमों के माध्यम से बचत के माप और सत्यापन,
  - डीएसएम कार्यक्रमों के लिए अर्हता मानदंड,
  - लक्ष्य निर्धारित करने के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत,
  - आंकड़ा आधार विकास ढांचा मार्गदर्शक सिद्धांत, आदि
- विनियमों को उपांतरित किए बिना मार्गदर्शक सिद्धांतों का उपांतरण किया सकता है ।
- डीएसएम ढांचे में किए जाने वाले विभिन्न कार्यकलापों का उपबंध करते हैं ।
  - आधार रेखा आंकड़ों का भार अनुसंधान और विकास, डीएसएम योजना बनाना, आयोग का पुनर्विलोकन और डीएसएम योजना का अनुमोदन, डीएसएम कार्यक्रम दस्तावेज तैयार करना और उसका अनुमोदन और डीएसएम कार्यक्रमों का कार्यान्वयन ।
- मूल्यांकन, मानिटरिंग और सत्यापन जैसे महत्वपूर्ण कार्यों के निष्पादन में तृतीय पक्ष के हस्तक्षेप को परिकल्पित किया गया है और इसका दायित्व एसईआरसी को दिया गया है ।
  - वितरण उपयोगिता की पहुंच पर विचार करते हुए, अधिकतर निष्पादन संबंधी कार्य उन्हें समुदेशित किए गए हैं । इसके अलावा, तकनीकी सामर्थ्य और बाजार अनुसंधान का दायित्व भी उन्हें दिया गया है ।

ग. विनियमित ऐन्टिटियों के लिए एसईआरसी अनुपालन संपरीक्षा विनियम

विनियामक आयोग द्वारा अनुपालन संपरीक्षा के लिए एफओरआर ने एक आदर्श विनियम विकसित किया है। विनियम के महत्वपूर्ण उपबंध निम्नानुसार हैं-

- एसईआरसी किसी भी समय विनियमित ऐन्टिटियों की संपरीक्षा, अधिनियम, उसके अधीन बनाए गए नियम और विनियम तथा आयोग द्वारा जारी किए गए निर्देशों और आदेशों के अनुपालन के सत्यापन के लिए कर सकता है।
- आयोग संपरीक्षा के लिए परामर्शदाताओं/संपरीक्षकों का पैनल बना सकेगा।
- आयोग या तो अपने पैनल में से परामर्शदाताओं/संपरीक्षकों को संपरीक्षा के लिए नियुक्त कर सकेगा या यदि विनिर्दिष्ट आवश्यकता हो तो नए सिरे से चयन प्रक्रिया अपनाएगा।
- परामर्शदाता/संपरीक्षक, संपरीक्षा करने के दौरान निकाले गये निष्कर्षों के साक्ष्य के रूप में, अपने द्वारा किए गए कार्य को साबित करने के लिए पर्याप्त साक्ष्य इकट्ठा करेगा और उसे आधार बनाएगा।
- आयोग, एक आदेश के माध्यम से, संपरीक्षा का विशिष्ट कार्य, इसके द्वारा बनाए गए विचारणीय विषयों के आधार पर, विनियमित ऐन्टिटी की संपरीक्षा प्रारंभ होने के पूर्व परामर्शदाता/संपरीक्षक को समनुदेशित करेगा।
- एसईआरसी, रिपोर्ट के संबंध में अपना पक्ष प्रस्तुत करने के लिए विनियमित ऐन्टिटी को अवसर उपलब्ध कराएगा।
- इन विनियमों के अधीन किसी संपरीक्षा से संबंधित और समानुंगिक सभी व्यय आयोग द्वारा संदत्त किए जाएंगे।

घ. अंतःराज्य निर्बाध पहुंच विनियमः

एफओआर की 19 वीं बैठक में फोरम द्वारा गठित कार्य-समूह ने उपभोक्ताओं की निर्बाध पहुंच के लिए आदर्श विनियम विकसित किए हैं। ये विनियम अंतः राज्य पारेषण प्रणाली और राज्य में वितरण प्रणाली के लिए निर्बाध पहुंच को लागू होंगे। निर्बाध पहुंच के लिए साधारण उपबंध निम्नानुसार हैं-

- 10 एम डब्ल्यू या अधिक भार वाले उपभोक्ता अथवा 10 एम डब्लयू या अधिक की संस्थापित क्षमता रखने वाले उत्पादक, अंतःराज्य पारेषण में निर्बाध पहुंच प्राप्त करने के लिए पात्र हैं। 10 एम डब्ल्यू से कम क्षमता वाले उत्पादक, वितरण प्रणाली में निर्बाध पहुंच प्राप्त करने के पात्र हैं।
- निर्बाध पहुंच, पारेषण, व्हीलिंग और अन्य प्रभारों के भुगतान पर प्रदान की जाएगी।
- निर्बाध पहुंच प्राप्त करने के लिए उपभोक्ताओं को-
  - औद्योगिक पोषण से जुड़ा होना चाहिए किन्तु यह तब जब कि ऐसे औद्योगिक पोषण पर सभी उपभोक्ता निर्बाध पहुंच को पसंद करें।
  - एक स्वतंत्र पोषण के माध्यम से जुड़ा होना चाहिए।
  - अन्य उपभोक्ता सूचीबद्ध निर्बन्धनों के अधीन निर्बाध पहुंच प्राप्त कर सकते हैं।
- दीर्घ अवधि निर्बाध पहुंच, मध्य अवधि निर्बाध पहुंच और लघु अवधि निर्बाध पहुंच प्रदान करने के लिए मानदंडः
  - प्रणाली आवर्धन के साथ या बिना एल टी ए।
  - केवल प्रणाली आवर्धन के बिना एम टी ओ ए।

4. वित्तीय वर्ष 2010-11 के दौरान विद्युत विनियामक आयोगों के कार्यकलाप

4.1 सी ई आर सी की उपलब्धियां

गत की क्रियात्मक पहलों को जारी रखने के क्रम में, आयोग ने विद्युत क्षेत्र में सुधारों की प्रक्रिया को अग्रसर करते हुए वर्ष के दौरान अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं ।

वर्ष के दौरान सबसे अधिक महत्वपूर्ण घटना जून, 2010 में जारी किए गए अन्तर राज्य पारेषण प्रभारों और हानियों की साझेदारी पर विनियम थे । इन विनियमों से पारेषण प्रणाली के अनेक प्रयोक्ताओं के मध्य पारेषण प्रभारों के आबंटन में एक उदाहरणीय बदलाव आया है । राष्ट्रीय विद्युत नीति (इनईपी) और टैरिफ (टीपी) की वास्तविक भावना में, नई पद्धति दूरी, दिशा और विद्युत प्रवाह की मात्रा के प्रति संवेदनशील है । इससे विद्युत क्षेत्र विकास, प्रतिस्पर्धा की मांग और निर्बाध पहुंच की उभरती हुई आवश्यकताओं का समाधान हो जाता है । अंतर राज्य पारेषण स्कीम (आई एस टी एस) के प्रयोक्ता अब वैज्ञानिक रीति पर आधारित पारेषण प्रणाली का भुगतान करेंगे जिसमें उपयोग और पहुंच दोनों का ध्यान रखा गया है । विद्युत के प्रवाह की दूरी से विद्युत दूरी प्रतिबिंबित होती है क्योंकि विद्युत का प्रवाह भौतिक शास्त्र के सिद्धांतों से होता है न कि संविदा मार्ग से । दिशा संवेदनशीलता को उत्पादन और मांग प्रभारों के प्रथक्करण से प्राप्त किया जाता है । विनियमों से उत्पादन क्षमता का पता लगाने के लिए, समुचित पारेषण प्रभारों को ध्यान में रखते हुए, साइटिंग संकेत का उपबंध करना भी अपेक्षित है । नई कीमतीकरण पारेषण पद्धति के क्रियान्वित हो जाने से, जहां पारेषण प्रभारों में अवस्थिति अनुसार विभेद किया जाता है, उत्पादकों को पारेषण प्रभार और ईंधन की परिवहन लागत दोनों को ध्यान में रखना होगा । पारेषण कीमतीकरण पद्धति से पूर्व शासन की बहुत सी कमियां दूर हो गई हैं विशेष रूप से प्रभारों की पेनकेकिंग और क्षेत्रों के बीच प्रतिसहायकीकरण ।

वर्ष के दौरान एक अन्य महत्वपूर्ण विनियामक पहल केन्द्रीय पारेाण उपयोगिता (सीटीयू) को आईएसटीएस के निपादन के लिए विनियामक की मंजूरी पर विनियम जारी करना था । इस पहल के साथ राष्ट्रीय विद्युत नीति का एक महत्वपूर्ण सपना पूरा हो गया है, अर्थात् पूर्वानुमानित पारेषण आवश्यकताओं की पहचान करने के बाद नेटवर्क का विस्तार करने हेतु सीटीयू/एसटीयू की अपेक्षा जो प्रणाली पर घटनात्मक होगी । ये विनियम किसी क्षेत्र के भीतर या आर-पार विद्युत के विश्वसनीय, दक्ष, समन्वयित और किफायती प्रवाह को समर्थ बनाने में सीटीयू द्वारा पहचान की गई प्रणाली के सशक्तीकरण/उन्नयन के लिए आईएसटीएस को भी लागू होंगे । इन विनियमों के अनुसरण में, आयोग ने नौ उच्च क्षमता विद्युत पारेषण गलियारों के निष्पादन के लिए भी विनियामक अनुमोदन प्रदान कर दिया है जिसमें ५८००० करोड़ रूप का निवेश है । यह विनियामक अनुमोदन अपनी किस्म का अकेला अनुमोदन है और यह व्यापक रूप से स्वतंत्र विद्युत उत्पादकों के लिए एकीकृत पारेषण प्रणाली के विकास के लिए आयोग की इच्छा शक्ति और दृढ़ विश्वास को दर्शाता है । इसके अलावा आयोग द्वारा उठाया गया एक अन्य महत्वपूर्ण कदम देश में ग्रिड के प्रचालन में वृहत्तर अनुशासन लाना था । भारतीय विद्युत ग्रिड संहिता (आईईजीसी) अननुसूचित अर्न्तबदल (यूआई) विनियमों में संशोधन के माध्यम से यह संदेश सभी को अधिक प्रबल रूप में संसूचित कर दिया गया है कि यू.आई. का उपयोग विद्युत में व्यापार के लिए मार्ग के रूप में नहीं किया जाना चाहिए । प्रचालन का अनुज्ञेय बारंबारता बैंड ४९.२-५०.३ एच जेड को पूर्व रेंज से और कम करके ४९.५-५०.२ एच जेड कर दिया गया है । तत्समानी रूप से अनुसूची से विचलन पर प्रभारों में भी और अधिक भयानक रूप में इस प्रकार वृद्धि हो गई है कि जब बारंबारता ४९.५ एच जेड से कम हो तो विचलन के लिए अतिरिक्त यू आई प्रभार ४० प्रतिशत होंगे और जब बारंबारता ४९.२ एच जेड से कम हो तो अतिरिक्त यू.आई. प्रभार १०० प्रतिशत होंगे । इन विनियमों के प्रवर्तन में आने से यह आशा की जाती है कि ग्रिड का प्रचालन अधिक स्थाई, सुरक्षित और किफायती हो जाएगा ।

आयोग अनेक पहलों के माध्यम से हरित ऊर्जा के संवर्धन की अपनी वचनबद्धता को दोहराता है । नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को मुख्य धारा में लाने के लिए, ग्रिड संयोजिता एक बड़ा अवरोध बना हुआ है । ग्रिड एकीकरण से संबंधित मुद्दों का

समाधान करने के लिए आयोग ने अपने संयोजिता विनियमों का संशोधन किया है जिससे कि हाइड्रो उत्पादन केन्द्रों और ५० एम डब्ल्यू या अधिक क्षमता वाले नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत उपयोग करने वाले अन्य उत्पादन केन्द्रों के लिए सीटीयू की संयोजिता को सुकर बनाया जा सके। हाइड्रो या नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादक प्रथक रूप से या संयुक्त रूप से ५० एम डब्ल्यू या अधिक क्षमता के साथ संयोजिता के लिए सीटीयू से संपर्क कर सकते हैं।

आयोग ने जनवरी, २०१० में नवीकरणीय ऊर्जा प्रमाणपत्र (आर ई सी) पर विनियम जारी किए। आर ई सी को नवीकरणीय ऊर्जा के संवर्धन की ओर की गई एक बड़ी पहल के रूप में देखा जा रहा है और इससे इस क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहन मिला है। इससे उच्च सामर्थ्य वाले क्षेत्रों में नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को काम में लाने और स्रोत घाटा राज्यों द्वारा नवीकरणीय क्रय बाध्यता (आरपीओ) के अनुपालन करने के दोहरे उद्देश्यों का समाधान हो जाता है। यह महत्वपूर्ण ढांचा औपचारिक रूप से नवंबर में प्रारंभ हुआ जिससे भारत में हरित ऊर्जा के विकास में एक नए योग की घोषणा हुई। आरईसीपर सर्वप्रथम व्यापार सत्र ३१.०३.२०११ को आयोजित किया गया। ढांचे के इस कार्यान्वयन को संसार भर के पणधारियों द्वारा गहन दिलचस्पी से देखा जा रहा है।

वर्ष के दौरान, आरईसी बाजार में लाभ अर्जित करने के लिए पीपीए के उल्लंघन में उत्पादक के लिए विपर्यस्त प्रोत्साहन से उत्पन्न चिंताओं का समाधान करने के लिए आरईसी से संबंधित विनियमों का संशोधन किया गया। संशोधनों ने आरईसी तंत्र में नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत पर आधारित नियंत्रित उत्पादक की भागीदारी के कार्यक्षेत्र को भी परिभाषित किया।

आयोग ने अधिनियम के अधीन अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए मध्यवर्ती पारेषण सुविधा के उपयोग के लिए दरों, प्रभारों और निबंधनों तथा शर्तों को विनिर्दिष्ट करते हुए एक महत्वपूर्ण विनियम भी जारी किया। इन विनियमों के जारी हो जाने से मध्यवर्ती पारेषण सुविधा का उपयोग आसान होगा और मध्यवर्ती प्रणाली के उपयोग के लिए दरों और प्रभारों सहित निबंधनों और शर्तों का निपटारा भी सुकर हो जाएगा। अन्ततोगत्वा में राज्यों और क्षेत्रों के आर-पार विद्युत प्रवाह अवरोध मुक्त होने को सुकर बनाएगा।

वर्ष २००९-१४ के लिए आयोग द्वारा जारी टैरिफ के निबंधन और शर्तें, हाइड्रो इलैक्ट्रिक परियोजनाओं के लिए पूंजी लागत की विधीक्षा के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत जारी करने के लिए उपबंध करते हैं। विनिधानकर्ताओं ने आशंका व्यक्त की थी कि आयोग द्वारा अग्रिम में पूंजी लागत के अनुमोदन के लिए किसी उपबंध के अभाव में परियोजनाओं का वित्तीय समापन अनिश्चित हो सकता है। इस भय को कम करने के लिए आयोग ने हाइड्रोइलैक्ट्रिक परियोजनाओं की पूंजी लागत की विधीक्षा करने के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत जारी किए और उनकी पूंजी लागत की विधीक्षा के लिए स्वतंत्र अभिकरणों का एक पैनल भी बनाया।

किसी लागत धन शासन में, पूंजी लागत का बहुत महत्व है। पूंजी लागत की विनियामक अनुमोदन की प्रक्रिया में सख्ती लाने के लिए सीईआरसी द्वारा बनाई गई नीतियों और विनियम टैरिफ अवधारण के प्रयोजन हेतु पूंजी लागत का बैंचमार्क करने के लिए अनुध्यात करते हैं। सीईआरसी के सदस्य की अध्यक्षता में सशक्त समिति पारेषण में प्रतिस्पर्धात्मक बोली को सुकर बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही है। इस वर्ष के दौरान, सशक्त समिति ने ऐसी महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए बोली को सुकर बनाया, जहां कीमतों की खोज प्रतिस्पर्धा द्वारा किया गया था। इन सब मामलों में, खोजी गई कीमतें, लागत धन टैरिफ की तुलना में अधिक दक्ष पाई गईं। विद्युत अधिनियम, २००३ ने क्षेत्र में विनिधान के संवर्धन के लिए महत्वपूर्ण मुद्दों पर भारत सरकार को कानूनी सलाह देने के लिए आयोग को आज्ञापक बनाया है। वर्ष के दौरान, आयोग ने निर्बाध पहुंच, व्यस्ततम विद्युत संयंत्रों के लिए आवश्यकता, नवीकरणीयों का संवर्धन, प्रतिस्पर्धा के लिए आवश्यकता और पब्लिक तथा प्राइवेट क्षेत्र के लिए पारेषण में प्रतिस्पर्धात्मक उपपान आदि जैसे अनेक मामलो में सलाह दी।

4.2 राज्य विद्युत विनियामक आयोगों की उपलब्धियां

1. मेघालय राज्य विद्युत विनियामक आयोग (एम एस ई आर सी)

एम एस ई आर सी ने 23 अगस्त, 2010 को वित्तीय वर्ष 2010-11 के लिए खुदरा प्रदाय टैरिफ आदेश जारी किया । एम एस ई आर सी ने निम्नलिखित विनियम अधिसूचित किए हैं-

- विद्युत क्रय और उपापन विनियम, 2011
- राज्य ग्रिड संहिता विनियम, 2011
- विद्युत के पारेषण और व्हीलिंग के लिए टैरिफ अवधारण विनियम, 2011
- निर्बाध पहुंच के लिए निबंधन और शर्तें विनियम, 2011
- आयोग ने विद्युत के पारेषण, वितरण और व्यापार के लिए अनुज्ञप्ति प्रदान करना विनियम, 2011 अधिसूचित किए ।

2. उत्तर प्रदेश विद्युत विनियामक आयोग (यू पी ई आर सी)

वित्तीय वर्ष 2010-11 में आयोग ने निम्नलिखित प्रदान किएः-

- यू पी विद्युत पारेषण निगम लि. को पारेषण अनुज्ञप्ति और चार राज्य वितरण कंपनियों को वितरण अनुज्ञप्तियां ।
- नेशनल थर्मल पावर कारपोरेशन (एन टी पी सी) रिहन्दनगर पुनर्वास क्षेत्र को वितरण अनुज्ञप्ति ।
- नॉलिज इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा. लि. और मित्तल पोसेसर्स प्रा.लि. नेशनल को अंतःराज्य व्यापार अनुज्ञप्ति ।

वित्तीय वर्ष 2010-11 में यू पी ई आर सी ने निम्निलिखित विनियम अधिसूचित किए-

- फीस और जुर्माना विनियम, 2010
- नियंत्रित और गैर-पारंपरिक ऊर्जा (सी एन सी ई) विनियम, 2009
- हरित ऊर्जा प्रोन्नयन विनियम, 2010
- उत्पादन टैरिफ के निबंधन और शर्तें विनियम, 2009
- विद्युत प्रदाय संहिता, 2005
- अंतः राज्य पारेषण प्रणाली को संयोजन प्रदान करना विनियम, 2010

3. असम विद्युत विनियामक आयोग (ए ई आर सी)

ए ई आर सी ने निम्नलिखित विनियम अधिसूचित किए/आदेश जारी किएः

- 31 अक्तूबर, 2010 को रूफटाप पी वी और लघु सौर विद्युत उत्पादन कार्यक्रम (आर पी एस एस जी पी) के अंतर्गत परियोजनाओं, जवाहर लाल नेहरू राट्रीय सौर मिशन के अधीन प्रवर्ग I परियोजनाओं से विद्युत का उपापन ।
- नवाकरणीय क्रय बाध्यता और इसका अनुपालन तथा ईंधन और विद्युत क्रय कीमत समायोजन सूत्र । अतिरिक्त प्रभारों के संबंध में असम विद्युत उत्पादन निगम लि. (ए पी जी सी एल) द्वारा 23 नवम्बर,

2009 को प्रस्तुत याचिका के सबंध में, आयोग ने यह घोषणा की कि 1 जुलाई, 2010 से सभी उपभोक्ताओं को 13 पैसे/यूनिट का ईंधन अधिभार लागू होगा ।

- आयोग ने 15 सितम्बर, 2010 को असम के बकसा जिले में 0.4 एम डब्ल्यू की रूपाही हाइड्रो-इलैक्ट्रिक परियोजना और बार पेटा जिले में 2 एम डब्ल्यू की पहुमारा लघु हाइड्रो-इलैक्ट्रिक विद्युत परियोजना के लिए टैरिफ आदेश जारी किए ।

4. मणिपुर और मिजोरम के लिए संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग (जे ई आर सी-एम एण्ड एम)

वर्ष के दौरान संयुक्त आयोग ने निम्नलिखित आदेश/विनियम अधिसूचित किए:

- वितरण अनुज्ञप्ति प्रदान करने के लिए निबंधन और शर्तें,
- नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से टैरिफ अवधारण के लिए निबंधन और शर्तें,
- अंतःराज्य व्यापार अनुज्ञप्ति प्रदान करने, निर्बाध पंहुच, फीसों के भुगतान और राज्य भार प्रेषण केन्द्र (एस एल डी सी) को प्रभार तथा टैरिफ के अवधारण के लिए निबंधन और शर्तें,
- वित्तीय र्वा 2010-11 के लिए मणिपुर और मिजोरम के टैरिफ ओदश । दोनों राज्यों ने अप्राधिकृत उपभोक्ताओं के विनियमितिकरण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है,

परिप्रेक्ष्य विनिधानकर्ताओं के हित में सौर पी वी, एस एच पी और पवन विद्युत उत्पादनों के लिए अवधारित सामान्य टैरिफ ।

अन्य पहलें निम्नानुसार हैं-

- जे ई आर सी विनियम, 2010 के अनुसार राज्य सलाहकार समिति की बैठकें प्रत्येक राज्य में प्रत्येक तिमाही में की जानी चाहिए । वर्ष 2010-11 के दौरान दोनों राज्यों की राज्य सलाहकार समिति की बैठकें क्रमशः एज़वाल और इम्फाल में आयोजित की गई ।
- राज्य समन्वय फोरम की बैठकें इम्फाल, मणिपुर और एज़वाल में आयोजित की गई ।
- मणिपुर और मिजोरम दोनों राज्यों के लिए विद्युत प्रदाय संहिता पुनर्विलोकन पैनल का गठन किया गया । आयोग ने, पैनल में एच टी उपभोक्ताओं का प्रतिनिधित्व करने के लिए एक और सदस्य सम्मिलित करने की अनुज्ञा देते हुए मिजोरम के पैनल का पुनर्गठन करने के लिए आवश्यक आदेश जारी कर दिया है ।
- आयोग ने मणिपुर और मिजोरम में विद्युत उपभोक्ताओं की जागरूकता-सह-जन सनुवाई पर एक कार्यशाला आयोजित की । मिजोरम और मणिपुर के लिए टैरिफ के अवधारण हेतु जन सुनवाई आयोजित की गई ।
- शक्ति और विद्युत विभाग, मिजोरम ने वित्तीय र्वा 2010-11 में 5 प्रतिशत के आर पी ओ के विरूद्ध राज्य की कुल आवश्यकता के 5.14 प्रतिशत का लक्ष्य केवल लघु हाइड्रो विद्युत से ही प्राप्त कर लिया,
- मणिपुर और मिजोरम की दोनों उपयोगिताओं ने प्रत्येक राज्य के लिए एक-एक उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम (सी जी आर एफ) स्थापित किया और उसे कृत्याकाकरी बनाया है ।

5. पंजाब राज्य विद्युत विनियामक आयोग (पी एस ई आर सी)

पी एस आई आर सी ने निम्नलिखित के लिए विनियम अधिसूचित/आदेश जारी किए:

- वित्तीय वर्ष 2010-11 में विद्युत प्रदाय संहिता और संबंधित विषयों एवं पंजाब राज्य ग्रिड संहिता में संशोधन के लिए विनियम ।

- फोरम और ओम्बड्समेन विनियम ।
- आयोग ने प्रारूप बहुवर्षीय टैरिफ और सेवा विनियम परिचालित करते हुए पंजाब सरकार, पंजाब राज्य विद्युत निगम लि. (पी एस पी सी एल) और पंजाब राज्य पारेषण निगम लिमिटेड (पी एस टी सी एल) सहित विभिन्न पणधारियों से टिप्पणयां आमंत्रित की थीं ।
- 23 अप्रैल, 2010 को वित्तीय वर्ा 2010-11 के लिए टैरिफ आदेश ।
- टैरिफ के अवधारण, ईंधन अधिभार के उद्ग्रहण, निर्बाध पहुंच अनुज्ञात करने, विद्युत क्रय करारों के अनुमोदन, पारेाण/व्हीलिंग प्रभारों आदि के नियतन से संबंधित याचिकाओं के जवाब में आदेश ।

6. जम्मू और कश्मीर राज्य विद्युत विनियामक आयोग (जे के एस ई आर सी)

वित्तीय वर्ष 2010-11 में जे के एस ई आर सी ने निम्नलिखित के लिए विनयम अधिसूचित/आदेश जारी किएः-

- विद्युत ओम्बड्समेन के लिए विनियम ।
- उपभोक्ताओं की शिकायतों के निवारण के लिए फोरम हेतु विनियम ।
